भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 1420
गुरूवार, 31 जुलाई, 2025/9 श्रावण, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

केरल में पर्यटन सर्किट और परियोजनाओं को बढ़ावा

1420 श्रीमती पी. टी. उषा:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश भर में पर्यटन सर्किट, इको-पर्यटन और विरासत स्थलों को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा शुरू की गई प्रमुख पहलें क्या हैं और इन पहलों का स्थानीय रोजगार सृजन और विदेशी पर्यटकों के आगमन पर क्या प्रभाव पड़ा है; और

(ख) क्या सरकार ने केरल में पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए, विशेष रूप से बैकवाटर पर्यटन, पश्चिमी घाट में उत्तरदायी इको-पर्यटन और फोर्ट कोच्चि, बेकल, सबरीमाला जैसे क्षेत्रों और सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण अन्य स्थलों में विरासत संवर्धन से संबंधित कोई विशिष्ट परियोजनाएं शुरू की है या समर्पित धनराशि आवंटित की है, और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) और (ख): पर्यटक स्थलों और पर्यटन उत्पादों का विकास एवं संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। तथापि, पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन (एसडी)', 'स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0)', स्वदेश दर्शन की 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)' नामक उप-योजना और 'तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' नामक अपनी केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं के माध्यम से राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करके देश भर के पर्यटन स्थलों पर पर्यटन अवसंरचना और सुविधाओं के विकास संबंधी प्रयासों को संपूरित करता है। यह वित्तीय सहायता निधियों की उपलब्धता, योजना दिशानिर्देशों और समय-समय पर जारी किए गए अन्य निर्देशों के अनुपालन, राज्य सरकारों द्वारा विस्तृत परियोजना रिपोर्टों (डीपीआर) की प्रस्तुति, पारस्परिक प्राथमिकता आदि के अध्यधीन प्रदान की जाती है।

इसके अतिरिक्त, भारत सरकार ने 'पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई)' नामक अपनी पहल के तहत भी पर्यटन परियोजनाओं के विकास के लिए राज्यों को वित्तीय सहायता प्रदान की है।

वर्ष 2019 में राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद के माध्यम से किए गए 'स्वदेश दर्शन नामक केंद्रीय क्षेत्र की योजना के तृतीय पक्ष प्रभाव मूल्यांकन' के अनुसार, यह योजना निर्माण चरण में स्थानीय समुदायों के लिए आजीविका के अवसरों को बढ़ाने और रोज़गार सृजन करने में सक्षम रही है और यह संचालन एवं अनुरक्षण चरण में भी रोज़गार के प्रचुर अवसर प्रदान करती है। इसके अलावा, पिछले 3 वर्षों के दौरान देश में विदेशी पर्यटक आगमन का विवरण निम्नानुसार है:-

वर्ष	**विदेशी पर्यटक आगमन की संख्या**
2022	6437467
2023	9520928
2024	9951722

स्रोत: आप्रवासन ब्यूरो

केरल राज्य में एसडी, एसडी2.0, सीबीडीडी, प्रशाद और एसएएससीआई के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण अनुबंध में दिया गया है।

पर्यटन मंत्रालय अपने चालू प्रयासों के भाग के रूप में देश भर में पर्यटन परिपथों, पारिस्थितिकी पर्यटन और विरासत स्थलों सहित भारत के विभिन्न पर्यटन स्थलों और उत्पादों का प्रचार संबंधी कार्यक्रमों, प्रदर्शनियों में भागीदारी, वेबसाइट, सोशल मीडिया आदि सहित विभिन्न पहलों के माध्यम से संवर्धन करता है।

****

अनुबंध

श्रीमती पी. टी. उषा द्वारा केरल में पर्यटन सर्किट और परियोजनाओं को बढ़ावा के सम्बन्ध में दिनांक 31.07.2025 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न संख्या 1420 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में **विवरण**

स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:-

क्र. सं.	**राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र**	**परिपथ/ स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)**
1.	केरल	पारिस्थितिकी परिपथ 2015-16	पथनमथिट्टा - गावी - वागामोन - तेक्कडी का विकास	64.08
2.	केरल	आध्यात्मिक परिपथ 2016-17	सबरीमाला - एरुमेली - पम्पा - सन्निधानम का विकास	46.54
3.	केरल	आध्यात्मिक परिपथ 2016-17	श्रीपद्मनाभ अर्नामूला का विकास	78.08
4.	केरल	ग्रामीण परिपथ 2018-19	मालानाड मालाबार क्रूज पर्यटन परियोजना का विकास	57.35
5.	केरल	आध्यात्मिक परिपथ 2018-19	शिवगिरी श्री नारायण गुरु आश्रम - अरुवीपुरम - कुन्नुमपारा श्री सुब्रह्मनिया - चेम्बझंथी श्री नारायण गुरुकुलम का विकास	66.42

प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूचीः-

क्र.सं.	**राज्य/संघ राज्यक्षेत्र**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृति वर्ष**	**स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)**
1.	केरल	गुरुवायूर मंदिर का विकास	2016-17	45.19

स्वदेश दर्शन 2.0 के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूचीः-

क्र. सं.	राज्य	स्वीकृति वर्ष	गंतव्य	एक्सपीरियंस का नाम	स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में)
1.	केरल	2023-24	कुमारकोम	कुमारकोम पक्षी अभयारण्य एक्सपीरियंस	13.92
2.	केरल	2024-25	अलप्पुझा	अलप्पुझा: ए ग्लोबल वॉटर वंडरलैंड	93.17
3.	केरल	2024-25	मलमपुझा	मलमपुझा गार्डन और लीजर पार्क में पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाना	75.87

स्वदेश दर्शन योजना की चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) नामक उप-योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की सूचीः-

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्यक्षेत्र	स्वीकृति वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में)
1.	केरल	2024-25	थालास्सेरी: आध्यात्मिक जुड़ाव	25.00
2.	केरल	2024-25	वर्कला-दक्षिण काशी	25.00

पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई योजना) - वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटक केंद्रों का विकास योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की सूचीः-

क्र. सं.	राज्य	स्वीकृति वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में)
1.	केरल	2024-25	कोल्लम में अष्टमुडी जैव विविधता और इको मनोरंजन केंद्र	59.71
2.	केरल	2024-25	सरगालया में मालाबार के सांस्कृतिक क्रूसिबल का वैश्विक प्रवेश द्वार	95.34

****